>

Title: Need to undertake maintenance and repair work of roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Ujiarpur Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती अश्वमेध देवी (उजियारपुर): सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हर राज्य और जिलों में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य शुरू किया है जो बहुत ही अच्छा कार्य है। इस योजना के तहत सभी राज्यों एवं जिलों में व्यापक स्तर पर सड़कों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है या हो चुका है। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उजियारपुर (बिहार) में भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत काफी सड़कों का निर्माण हुआ है और इन सड़कों के रख-रखाव की जिम्मेदारी पांच साल तक निर्माणकर्ता एजेंसी की है। लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद सड़कों की स्थिति रख-रखाव के अभाव में काफी जर्जर हो गई है, जिसका मरम्मत आवश्यक हो गई है।

अतः मैं अनुरोध करती हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों का पांच साल बाद के रख-रखाव/मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार अपने हाथ में लेकर उन सड़कों का नवीनीकरण कराया जाये।